A-2.2

परियोजना का नाम : जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि में राज्य योजना के अन्तर्गत तिलवाडा–तोलब–पयकोटी व मालकोटी–डांगी–गुनांउ हल्का वाहन मार्ग का मोटर मार्ग में परितर्वन कर सुधार एवं डामरीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग को वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव, लम्बाई 7.25 किमी0।।

## प्रस्तावित परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश

-------------------संलग्न है-------------------

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग |

(70A)

संख्या:– / 111(2)/11–129 (प्रा0आ0)/2011

प्रेषक,

धीरेन्द्र सिंह दताल
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता स्तर–1,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग–2 देहरादून: दिनांक 22 दिसम्बर, 2011

विषय:– जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत मोटर मार्ग निर्माण हेतु 07 (सात) कार्यों की प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय तथा व्यय की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता, गढ़वाल क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी के पत्र सं0– 1510/07(157)याता–पर्व0/10दिनांक 25.10.2010, सं0–1456/07(157)विविध–पर्व/2011दिनांक 28.3.11, पत्र सं0–1768/7(157) याता–पर्व./2011 दिनांक 2.11.2011, सं0–4809/7(154) याता–पर्व./11 दिनांक 27.2011, एवं पत्र सं0–653/7(157) याता0– पर्व0/10 दिनांक 9.2.2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य अभियन्ता, पौडी द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग में विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये 07 कार्यो के आगणन कुल लम्बाई 26.25किमी0 नवनिर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान करते हुए, इस हेतु प्रथम चरण के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये धनराशि ₹ 264.41 लाख की लागत के आगणन के सापेक्ष टी0ए0सी0 वित्त द्वारा परीक्षणोपरान्त पाई गयी औचित्यपूर्ण लागत ₹ 264.41 लाख (₹ दो करोड़ चौंसठ लाख इक्तालीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में व्यय हेतु संलग्नक के कालम 5 में उल्लिखित विवरणानुसार प्रत्येक कार्य हेतु 0.10 लाख अर्थात कुल ₹ 0.70 लाख (₹ सत्तर हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत करने की महामहिम श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

(i) उक्त स्वीकृति के आधार पर विभाग द्वारा समस्त प्रक्रियात्मक कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा तदोपरान्त शासनादेश सं0:–1764/111(2)/10–17 (सामान्य)/2003 दिनांक 17 जून, 2010 की व्यवस्थानुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जायेगी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(ii) आगणन मे उल्लिखित दरें का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शैड्यूल आफ रेट में स्वीकृत नही हैं, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति पर निम्नानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा।

(iii) कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय। यदि प्रथम चरण हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि मे बचत हो रही हो, तो उसका समायोजन विस्तृत आगणन तैयार करते समय किया जायेगा।

(iv) कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मद्द्य नजर रखते हुए एव लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों के अनुरूप ही कार्यों को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित किया जाय ।

(v) आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है व्यय उसी मद में किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

क्रमशः 2/–

P.C. Alert

शासनादेश संख्या:- 6700/ III(2)/11-128 (ग्रा0अ0)/2011 दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 का संलग्नक।

(धनराशि ₹ लाख में)

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई किमी0 में | अनुमानित लागत | टी0ए0सी0 वित्त विभाग द्वारा औचित्य पूर्ण पाई गयी धनराशि | वित्तीय वर्ष 2011-12 में व्यय की स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत केदारनाथ विधान सभा में कोन्था- तेवडी कालई मोली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य । | 3.00 | 37.80 | 37.80 | 0.10 |
| 2. | जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत केदारनाथ विधान सभा में फापंज से बरसाल तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य । | 4.00 | 50.40 | 50.40 | 0.10 |
| 3. | जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत केदारनाथ विधान सभा में कण्डारा-दौला-कन्धार मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य । | 2.00 | 25.20 | 25.20 | 0.10 |
| 4. | जनपद रूद्रप्रयाग के तहसील ऊखीमठ के अन्तर्गत ग्राम परकण्डी की अनुसूचित जाति बस्ती को सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 4.00 | 50.40 | 50.40 | 0.10 |
| 5. | जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत तिलवाड़ा-तौलाब-मयकोटी व मालकोटी - डांगी- गुनाऊ हल्का वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तन कर सुधार एवं डामरीकरण का कार्य। | 7.25 | 25.01 | 25.01 | 0.10 |
| 6. | जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत कुमोली (कर्णधार) से बमोली-मयकोटी मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य । | 4.00 | 50.40 | 50.40 | 0.10 |
| 7. | जनपद रूद्रप्रयाग के तहसील ऊखीमठ के अन्तर्गत बसवाड़ा -कणसिली- चन्द्रनगर-मोहनखाल मोटर मार्ग के किमी0 4.00 हे0मी0 8-10 से ग्राम कण्डारा-राजगढी हेतु 2.00 किमी0 मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य । | 2.00 | 25.20 | 25.20 | 0.10 |
| | कुल योग:- | 26.25 | 264.41 | 264.41 | 0.70 |

(₹ सत्तर हजार मात्र)

P.C Attest

( धीरेन्द्र सिंह दताल )
उप सचिव।